प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के सफल आयोजन पर आईआईएम और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ किया संवाद : कहा– महाकुंभ, प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प की अद्‌भुत तस्वीर बनकर उभरा है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं मं रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता।
3. विधानसभा के बजट सत्र में आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा– राज्य सरकार लोगों को पारदर्शिता के साथ उपलब्ध करा रही है स्वास्थ्य सुविधाएं। और
4. राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में हुई शामिल : कहा– आज के युवा विकसित भारत के निर्माण में निभायेंगे महत्वपूर्ण भूमिका।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ–आईआईएम और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महाकुंभ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र

निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प की अद्‌भुत तस्वीर बनकर उभरा। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों के अपने अनुभव भी साझा किये। बाइट.....

*लेकिन साथ साथ जवाबदेही भी उसके साथ तय की गई है।टेक्नोलॉजी का हम लोगों ने उस समय उपयोग किया था और इससे भी महत्वपूर्ण था। इतना बड़ा आयोजन कौशल संपन्न तब होगा जब सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था हो। क्राउड मैनेजमेंट एंड सिक्योरिटी की उत्तम व्यवस्था और प्रत्येक व्यक्ति के मन में हम एक विश्वास पैदा कर सकें कि हाँ यह पुलिस हमें सुरक्षा दे सकती है। दूसरा किसी भी क्राइसिस मैनेजमेंट में किसी भी स्वयं सेवी संगठन से महत्वपूर्ण रोल पुलिस की होती है।*

———————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और आर. महादेवन की एक पीठ ने छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। फैसले की घोषणा करते हुए, न्यायाधीश महादेवन ने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवाओं में भर्ती के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

———————

उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज बजट पर चर्चा हुई। प्रश्नकाल में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के

सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस—एचएमपीवी को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता हुई तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 9 हजार करोड़ रुपये इलाज पर खर्च किया गय है। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन दो लाख मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जा रहा है। बाइट.....

*अट्ठारह—उन्नीस में एक हज़ार तीन सौ बाईस अस्पताल थे उन्नीस—बीस में दो हज़ार एक सौ तिरासी थे बीस—इक्कीस में दो हज़ार दो सौ अड़सठ थे बाईस—तेईस में तीन हज़ार एक सौ इक्कीस थे और फिर ये संख्या बढ़ते बढ़ते पाँच हज़ार पाँच सौ सात हुई। आज बीस और पच्चीस में पाँच हज़ार आठ सौ चौवन अस्पताल है। हम पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं। औसत प्रतिदिन क्लेम छह हजार हम कर रहे हैं और अभी तक नौ हजार करोड़ रुपये सरकार खर्च कर चुकी है। लोगों के इलाज पर और गलत क्लेम पकड़े हैं। साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का हमने सरकारी धन का अपव्यय होने से बचाया है।*

विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि कुलपतियों की नियुक्तियों कुलाधिपति द्वारा की जाती है, उनकी नियुक्तियों में पीडीए का प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। उच्च

शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में कार्यपरिषद का चुनाव कराने के लिए पूर्व में लिखा जा चुका है।

————————

विधान परिषद में आज नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि किसान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। सरकार का लक्ष्य है कि किसानों की लागत को कम किया जाये, उत्पादन में वृद्धि हो और उपज का उनको सही मूल्य दिलाया जाये, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो। प्रश्न प्रहर में ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने सवाल के जवाब में कहा कि बिजली विभग में लाइनमैन से लेकर चेयरमैन तक अगरकोई लापरवाही करता पाया जायेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। सदने में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षा के प्रति पूरी तरह जागरूक है। आरटीई कानून के तहत जितने भी बच्चों का स्कूल में दाखिला किया जाता है। विद्यालयों की मांग पर सरकार प्रति वर्ष शुल्क प्रतिपूर्ति करती है।

————————

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया है। बसपा प्रमुख ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले कल हुई पार्टी की बैठक में आकाश आनंद को सभी पदों से

मुक्त कर दिया गया था। इसके बाद उनके द्वारा की गई प्रतिक्रिया के बाद आज बसपा प्रमुख ने यह निर्णय लिया।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सपरिवार मथुरा के वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन किए और केसी घाट पर यमुना आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संतों और स्थानीय लोगों से बातचीत की और क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को समझा। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने रुक्मणि विहार स्थित आश्रम में समय बिताया और संतों से आशीर्वाद लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भगवान बाँके बिहारी से देश की तरक्की और खुशहाली कामना को है।

————————

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने ब्रह्म कुंड गुरुद्वारे में प्रार्थना भी की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर का दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में अलग ही स्थान है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि वास्तुकला का भी नायाब नमूना है। बाइट.....

*तो मैं तो बधाई देना चाहता हूँ माननीय प्रधानमंत्री जी को यहाँ के मुख्यमंत्री योगी जी को की उन्होंने रिकॉर्ड टाइम में इसको किया अभी भी बहुत काम बाकी है और सही माने में ये जो राम मंदिर है ये सिर्फ रिलिजियस नहीं ये मैं मानता हूँ कि सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चरल मार्बल भी है। जब ये पूरा जब समझ आएगी की इसकी कैसे फाउंडेशन की गई कितने तरीके से कहाँ से पत्थर आया तो ये बहुत ही एक वन आफ आ काइंड।*

———————

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल आज दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंग। इस दौरान राज्यपाल ने निःशुल्क सर्वाइकल

कैंसर टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

—————————

भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आज लखनऊ में कारीगरों को मशीनरी और टूल किट वितरित की। कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से खादी ब्रांड बन गया है। बाइट...

*पूरे देश में हमारा आयोग इसी तरह से हमारे कारीगर साथियों को उनके जीवन में प्रशिक्षण के साथ साथ उनके घर तक टूल पहुंचे। इस बात की व्यवस्था हम लोग कर रहे हैं। दस साल पहले खादी ग्राम उधोग आयोग उसकी बिक्री का आंकड़ा तीस हजार करोड़ रुपये हुआ करता था और आज दस साल के बाद एक लाख छप्पन हजार करोड़ रुपये का कारोबार है। ये ब्रांड मोदी है। दस साल रहे हैं हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने पूरी व्यवस्था को बदल के रख दिया है।*

—————————

लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेई इकाना स्टेडियम में आज पहली बार वीमेंस प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल के मुकाबला यूपी वारियज और गुजरात जायंट्स की टीम के बीच हो रहा है। यूपी वारियर्स ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पेश है एक रिपोर्ट......

*उत्तर प्रदेश की टीम यू पी वारियर्ज अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ उतरेगी। उसकी कोशिश रहेगी कि वह इस मैच में गुजरात जायंट्स को मात देकर इस सीजन में मिली हार का हिसाब बराबर करें और प्ले ऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखे। यू*

*पी वारियर्ज की ओर से अभी तक कप्तान दीप्ति शर्मा, शीर्ष क्रम की बल्लेबाज किरन और ऑलराउंडर श्वेता सेहरावत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने भी ऑल राउंड प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, जिसके चलते टीम ने पिछले मुकाबले में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 33 रन से शिकस्त देकर अहम जीत हासिल की थी। गुजरात जायंट्स की बात करें तो उसके लिए टूर्नामेंट अभी तक कुछ खास नहीं रहा। हालांकि टीम ने पिछले मैच में गत चैंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को हराकर प्लेऑफ के उम्मीदें फिर से जीवित की हैं। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

(समाप्त)